Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 20-12-2005

Participants : Yadav Shri Giridhari

>

Title : Regarding need to take over construction of Belharana Hydro Project by Central Government in Banka Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री गिरिधारी यादव (बांका) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बांका के बेलहर प्रखंड में बेलहरण जलाशय कई सालों से बन रहा है और 70 प्रतिशत बन भ गया है परन्तु बिहार राज्य में धन अभाव के कारण इस जलाशय को पूरा नहीं किया जा सका एवं अभी भी अधूरा पड़ा हुआ है। इसमें जो उपकरण लगे हैं वह बरबाद भी होने लगे हैं इससे राट्र की सम्पत्ति की ही क्षति है। इस जलाशय से बेलहर, संग्रामपुर, तारापुर प्रखंड, टटिया बम्बर इत्यादि प्रखंडों को बहुत ही फायदा होगा। इन प्रखंडों में आदिवासी लोग बहुत तादाद में हैं, जिन्हें सिंचाई की सुविधा मिलेगी।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस जलाशय को केन्द्र सरकार अपने हाथ में लेकर पूरा करवाये, जिससे यहां के लोगों को सिंचाई की सुविधा प्राप्त हो सके।